14/05/2025

आकाशवाणी ईटानगर

चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान, सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी, वायु सेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल ए.पी.सिंह और नौसेना प्रमुख एडमिरल दिनेश के. त्रिपाठी ने आज राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात कर उन्हें ऑपरेशन सिंदूर के बारे में जानकारी दी। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में राष्ट्रपति ने सशस्त्र बलों की वीरता और समर्पण की प्रशंसा की और आतंकवाद के खिलाफ भारत की प्रतिक्रिया को एक उल्लेखनीय सफलता बनाने में उनकी भूमिका की सराहना की।

0000000000000000000

भारत ने अरुणाचल प्रदेश राज्य के भीतर स्थानों को नए नाम देने के चीन के निरंतर, निराधार और बेतुके प्रयासों को स्पष्ट रूप से खारिज कर दिया है। मीडिया के सवालों के जवाब में, विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने दोहराया कि इस तरह की हरकतें पूरी तरह से अस्वीकार्य हैं और भारत की सुसंगत और सैद्धांतिक स्थिति के सीधे विरोधाभास में हैं। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि कोई भी रचनात्मक नाम बदलने से यह स्पष्ट और निर्विवाद वास्तविकता नहीं बदल सकती कि अरुणाचल प्रदेश भारत का अभिन्न और अविभाज्य अंग था, है और हमेशा रहेगा।

0000000000000000000000

सरकार ने उत्तर प्रदेश में जेवर हवाई अड्डे के पास एक सेमीकंडक्टर इकाई स्थापित करने की स्वीकृति दे दी है। नई दिल्ली में आज सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि यह इकाई भारत सेमीकंडक्टर मिशन के अंतर्गत एचसीएल और फॉक्सकॉन संयुक्त रूप से स्थापित करेंगे। उन्होंने कहा कि संयंत्र को प्रति माह 20 हजार वेफर्स के लिए डिजाइन किया गया है। श्री वैष्णव ने कहा कि इसकी डिजाइन आउटपुट क्षमता 36 मिलियन यूनिट प्रति माह है।

**Byte By Ashwini Vaishnaw**

0000000000000000000000

सशस्त्र बलों के बलिदानों का सम्मान और देश की एकता के प्रति प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, अरुणाचल प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की राज्य इकाई द्वारा आज भारतीय सशस्त्र बलों की वीरता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अडिग नेतृत्व के लिए ईटानगर के आकाशदीप से टेनिस कोर्ट तक तिरंगा यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में पार्टी कार्यकर्ता, समर्थक और नागरिक शामिल हुए।

0000000000000000

कल सियांग जिले के जोमलो मोंकू में उपायुक्त पी. एन. थुंगोन द्वारा मिथुन पर आईसीएआर-एनआरसी द्वारा समर्थित, एक सेमी-इंटेंसिव मिथुन पालन इकाई का उद्घाटन किया। यह पहल वैज्ञानिक और टिकाऊ मिथुन पालन को बढ़ावा देता है। इस पहल के तहत जोमलो मोंकू मिथुन किसान संघ ने 14 गांवों को एकजुट किया है, जिनमें से तीन पहले से ही अर्ध-गहन इकाइयाँ चला रहे हैं।

0000000000000000000

अपर सुबनसिरी गालो वेलफेयर सोसाइटी ने आज जिला प्रशासन के सहयोग से दापोरिजो टाउनशिप में सामूहिक सफाई अभियान का आयोजन किया। इस अभियान में अपर सुबनसिरी जिला इकाई के वरिष्ठ नागरिकों सहित गालो वेलफेयर सोसाइटी के सदस्यों ने भाग लिया। उपायुक्त तासो गाम्बो ने कार्यक्रम में भाग लेते हुए इस नेक कार्य के लिए गालो वेलफेयर सोसाइटी की सराहना की और उन्हें नियमित रूप से सामाजिक सेवाओं को जारी रखने आहवान किया, ताकि इससे अधिक से अधिक नागरिक प्रोत्साहित हों और शहर को साफ-सुथरा रखें।

0000000000000000000

ईटानगर मौसम विभाग ने आज राज्य के तवांग, वेस्ट कामेंग, पाके केसांग, अपर सुबनसिरी, लोअर सुबनसिरी, सियांग, अपर सियांग, लोअर सियांग, वेस्ट सियांग, दिबांग वैली, लोअर दिबांग वैली, अंजाव, लोहित, नामसाई, चांगलांग, तिराप और लोंगडिंग जिले के लिए येलो अलर्ट जारी किया है। साथ ही पापुम पारे, लेपा रादा और ईस्ट सियांग जिले के लिए ओरेंज अलर्ट भी जारी किया गया है। विभाग के अनुसार इन जिलों में अगले 24 घंटो में अलग अलग स्थानों पर ग़रज के साथ बिजली गिरने और तेज से बहुत तेज बारीश होने की संभवना है।

0000000000000000000

न्यायमूर्ति भूषण रामकृष्ण गवई ने आज भारत के बावनवें मुख्य न्यायाधीश के रूप में शपथ ग्रहण की। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने आज सुबह राष्ट्रपति भवन में एक विशेष समारोह में न्यायमूर्ति गवई को पद का शपथ दिलाई। न्यायमूर्ति बी. आर. गवई ने न्यायमूर्ति संजीव खन्ना का स्थान लिया है।

0000000000000000000000

छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में तेलंगाना सीमा पर स्थित कर्रेगुट्टा पहाड़ी पर करीब इक्कीस दिनों तक चले माओवादी विरोधी अभियान में 16 महिला माओवादियों समेत 31 माओवादी मारे गए हैं। आज बीजापुर में आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक ज्ञानेंद्र प्रताप सिंह, छत्तीसगढ़ के पुलिस महानिदेशक अरुण देव गौतम और बीजापुर के पुलिस अधीक्षक जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि 21 अप्रैल से इस महीने की 11 तारीख तक चलाए गए इस अभियान के दौरान कुल इक्कीस मुठभेड़ हुईं।

0000000000000000000000

भारत ने ग्लोबल टाइम्स, शिन्हुआ न्यूज एजेंसी और टी.आर.टी. वर्ल्ड के एक्स अकांउट को देश में प्रतिबंधित कर दिया है। सूत्रों के अनुसार, भारत में कथित रूप से पाकिस्तान के लिए झूठा प्रचार करने को लेकर उनके विरुद्ध यह कार्रवाई की गई है। पीपुल्स डेली के तहत संचालित ग्लोबल टाइम्स एक अंग्रेजी भाषा का अखबार है, जिसका स्वामित्व चीनी कम्युनिस्ट पार्टी के पास है।

0000000000000000000000